CMYK

दैनिक जय काँठल

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान



**@ जय काँठल न्यूज**

प्रतापगढ़ 3 अगस्त । पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार की ओर से लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, विश्वविद्यालय के प्रतीक वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ विश्वविधालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ लोकेश शर्मा थे एवं अध्यक्षता प्रधान रमेश कुमार मीणा ने की व विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह उपस्थित थे ।

इस अवसर पर जनप्रतिनधियो, सरपंचो एवं पत्रकारो द्वारा लॉकडाउन में किये गए कार्यों की प्रंशसा करते हुए उनका सम्मान किया गया ।

यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर सिविल सर्विसेज लोकेश शर्मा ने सरपंचो की पंचायत राज में भूमिका को बताया और सभी के द्वारा महामारी के विकट समय मे किये गए कार्यों को सराहते हुए उनको सम्मानित किया । प्रधान रमेश कुमार मीणा ने यूनिवर्सिटी के इस कदम को सराहनीय बताया ।

कार्यक्रम में तबला ओर बांसुरी वादन की सुंदर प्रस्तुति यूनिवर्सिटी के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राजर्षि एवं हरिओम ने दी । कार्यक्रम में कई सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं पत्रकार उपस्थित थे, वीरेंद्र सिंह भाटी ने आभार व्यक्त करते हुए यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों को समझाया । संचालन प्रतीक वैष्णव ने किया ।

# सुहागपुरा में मेवाड़ यूनिवर्सिटी ने जनप्रतिनधियो को सारथी सम्मान से किया सम्मानित



@ जय कांठल न्यूज

सुहागपुरा 4 अगस्त । पंचायत समिति सुहागपुरा में बुधवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार की ओर से लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । विश्वविद्यालय के प्रतीक वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ विश्वविधालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ लोकेश शर्मा थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान भरत पारगी ने की एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य पिंकेश पटवा, उपप्रधान प्रतिनिधि प्रभु लाल, उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह उपस्थित थे ।

इस अवसर पर सरपंचो एवं जनप्रतिनधियो द्वारा लॉकडाउन में किये गए कार्यों की प्रंशसा करते हुए यूनिवर्सिटी की ओर से उनका सम्मान किया गया । डायरेक्टर सिविल सर्विसेज लोकेश शर्मा ने मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में शिक्षा के महत्व को समझाया और सभी के द्वारा महामारी के विकट समय मे किये गए कार्यों को सराहते हुए उनको सम्मानित किया । प्रधान भरत पारगी ने क्षेत्र में हुए शिक्षा के विकास कार्य को बताए हुए यूनिवर्सिटी के इस कदम को सराहनीय बताया । कार्यक्रम में तबला ओर बांसुरी वादन की सुंदर प्रस्तुति यूनिवर्सिटी के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राजर्षि एवं हरि ओम ने दी । कार्यक्रम में कई सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य एवं मीडियाकर्मी मौजूद थे । कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह भाटी ने आभार व्यक्त करते हुए यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों को समझाया । समारोह का संचालन प्रतीक वैष्णव ने किया ।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार द्वारा लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन



• **गुरूज्योति** पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**चित्तौड़गढ़ ( निसं. )।** प्रतापगढ़ जिले के सोहागपुरा नगर के पंचायत समिति में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार द्वारा लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रतीक वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेवाड़ विश्वविधालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ. लोकेश शर्मा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान भरत पारगी ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य पिंकेश पटवा, उपप्रधान प्रतिनिधि प्रभु लाल, उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह थे ।

इस दौरान सरपंचो एवं पत्रकार बंधुओ द्वारा लॉकडाउन में किये गए कार्यो की प्रंशसा करते हुए उनका सम्मान किया गया ।

यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर सिविल सर्विसेज लोकेश शर्मा ने मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में शिक्षा के महत्व को समझाया और सभी के द्वारा महामारी के विकट समय मे किये गए कार्यो को सराहते हुए उनको सम्मानित किया। प्रधान भरत पारगी ने क्षेत्र में हुए शिक्षा के विकास कार्य को बताए हुए यूनिवर्सिटी के इस कदम को सराहनीय बताया ।

कार्यक्रम में तबला ओर बांसुरी वादन की सुंदर प्रस्तुति यूनिवर्सिटी के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राजर्षि एवं हरि ओम ने दी । कार्यक्रम में सभी सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य एवं पत्रकार बंधु मौजूद थे ।कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह जी भाटी ने आभार व्यक्त करते हुए यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक वैष्णव ने किया।